आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.07.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भारत का संकल्प वैश्विक चर्चाओं का केंद्र बिंदु है, जो बुनियादी ढाँचे में आमूल–चूल परिवर्तन से प्रेरित है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के कारखाने हों या खेत, हर प्रयास 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से ही प्रेरित है।

हमारी फैक्टरियां हो या हमारे खेत खिलान एक ही निश्चय के साथ काम हो रहा है हमें 2047 तक भारत को विकसित बनाना है हमारा रास्ता है विकास से सशक्तिकरण रोजगार और संवेदनशीलता से सुशासन।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम आज अपने तीन दिवसीय दौरे पर आएगी। केंद्रीय टीम तीन दिन तक मंडी जिला के धर्मपुर, थुनाग और करसोग का दौरा करेगी तथा भारी बारिश व भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लेगी। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थसारथी की अगुवाई में आने वाली उच्च स्तरीय टीम आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय भूतल व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर प्रदेश के लिए विशेष राहत पैकेज देने की मांग की थी।

*30 जून की रात को भारी बारिश भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आज केंद्र सरकार की तरफ से उच्च स्तरीय टीम हिमाचल प्रदेश पहुंचेगी जो मंडी जिला के स्वराज धर्मपुर नाचन करसोग सहित अन्य इलाकों का दौरा कर नुकसान का जायजा लेगी गृह मंत्रालय की तरफ से गठित इस टीम में सड़क ग्रामीण विकास जल शक्ति व कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल है टीम आपदा ग्रस्त गांव का निरीक्षण कर क्षति का आकंलन करेगी और केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौटेगी रिपोर्ट के आधार पर राहत पैकेज वह आर्थिक सहायता की घोषणा केंद्र सरकार कर सकती है*

मॉनसून –सत्र

केन्द्र सरकार ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले कल रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और विधेयक पारित कराए जाने की उम्मीद है।

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि मण्डी जिला के आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के कई सड़क मार्गों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम ने टैंपो ट्रेवलर सेवाएं बहाल कर दी हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि टैंपो ट्रेवलर की शुरूआत होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि निगम की ओर से अब बगस्याड़, जंजैहली, छतरी, सराची, थुनाग और चियूणी चेत सहित विभिन्न दुर्गम मार्गों पर टैंपो ट्रेवलर सेवाएं संचालित की जा रही हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि इन सेवाओं को बगस्याड़ में निगम की अन्य बस सेवाओं से जोड़ा गया है जिससे यात्रियों को जिला मुख्यालय मंडी सहित अन्य गंतव्य तक आसानी से पहुंचने की सुविधा मिलेगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन से बाधित हुई सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। 20 जून से लेकर अब तक इस मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 अन्य अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। विभाग ने 21 से 23 जुलाई तक राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

किन्नर कैलाश

किन्नौर जिला की प्रसिद्ध पवित्र किन्नर कैलाश यात्रा मौसम अनुकूल रहने के साथ ही आज से पूनः आरम्भ हो गई है। यात्रा मार्ग पर बहाली कार्य पूरा हो गया है। जिससे श्रद्धालु अब किन्नर कैलाश के दर्शन कर पाएंगे। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए समय–समय पर जारी सभी दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है।

फीचर फिल्म

प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपनी फीचर फिल्म, डेला बेला बदलेगी कहानी का भव्य प्रीमियर आयोजित किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि वेव्स ओटीटी भारत का एकमात्र सार्वजनिक सेवा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो विरासत को डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है। नवनीत सहगल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रसार भारती का मिशन एक विश्वसनीय, परिवार–प्रथम मंच बनाना है जो भारत की विविधता और रचनात्मकता का उत्साह मनाए।

पौध रोपण

वन विभाग हमीरपुर द्वारा मौजूदा मॉनसून सीजन में करीब डेढ़ लाख पौधे लगाए जाएंगे, इनमें 60 फीसदी पौधे फलदार होंगे। डीएफओ हमीरपुर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि पौधरोपण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए

वन विभाग एनजीओ और स्कूल के छात्रों की मदद लेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम चलाए गए अभियान के तहत भी पौधरोपण किया जाएगा। अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 5 सौ हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा।

-------------